महत्वपूर्ण एवं खास

मितान योजना के तहत अब घर बैठे बनेगा पैन कार्ड

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत अब घर बैठे बनेगा पैन कार्ड, छत्तीसगढ़ सरकार के चार साल पूरे होने पर उपहार, बस एक फोन करने पर घर पहुँचेंगे मितान, टोल फ्री नंबर 14545 पर फोन करके ले सकते हैं सुविधा, नागरिकों को पैन कार्ड बनवाने बाहर जाने की जरूरत नहीं, राज्य के 14 नगर निगम में मिल रहा मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ।

सड़ हादसे में घायल युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम केंद्री में सडक़ हादसे में घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धनंजय यादव अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 5845 से कहीं जा रहा था, तभी लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्वंय गिर गया। जिससे उसे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

अज्ञात चोर ने की एटीएम मशीन में तोड़फोड़

रायपुर (आरएनएस)। कटोरातालाब स्थित पीएनबी बैंक में चोरी की नियत से एटीएम मशीन में तोडफ़ोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार चुगनी प्राइडस चंगोराभाठा निवासी प्रार्थी महेन्द्र कुमार नाग 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने कटोरातालाब स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम मशीन में चोरी करने के नियत से सीसीटीवी कैमरा व एटीएम मशीन में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 427, 511 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

भाजपा ने विदेश मंत्री व प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया

कोरबा (आरएनएस)। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अपशब्द कहे जिसे लेकर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में उनका विरोध कर रही है। इसी कड़ी में जिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीपी नगर चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री व धानमंत्री का पुतला जलाकर अपना विरोध जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह पाकिस्तान की निंदा करते हैं इस प्रकार से हमारे देश के प्रधानमंत्री को लेकर जो बातें कही गई हैं वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है इस मौके पर पूर्व संसदीय सचिव लखन लाल देवांगन, पूर्व महापौर जागेश लांबा भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, महामंत्री संतोष देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह, सुमन सोनी कोसा बाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

बेशर्म रंग का अब दुर्ग में भी विरोध, फिल्म पठान के गाने के खिलाफ पूर्व एल्डमैन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, प्रतिबंध लगाने की मांग

दुर्ग (आरएनएस)। दुर्ग नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने पठान फ़िल्म के गीत बेशर्म रंग पर आपत्ति जताई है। दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा को ज्ञापन प्रेषित कर दुर्ग में इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। साथ ही फिल्म की अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के खिलाफ दुर्ग स्थित पद्मनाभपुर थाना में शिकायत दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा कि यह गीत बॉलीवुड की विकृत हिंदू विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

अनुसूचित जातियों को 2021 की जनगणना के आधार पर मिलेगा आरक्षण - मुख्यमंत्री

- अनुसूचित जातियों को 2021 की जनगणना के आधार पर मिलेगा आरक्षण
- मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से 2021 की जनगणना शीघ्र कराने की मांग की
- बघेल लालपुर धाम में आयोजित गुरु पर्व मेला में हुए शामिल
- लालपुर धाम के विकास के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से 2021 की जनगणना शीघ्र कराने की मांग की बघेल लालपुर धाम में आयोजित गुरू पर्व मेला में हुए शामिललालपुर धाम के विकास के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की राज्य शासन बाबा के बताए गए रास्ते पर चल रहा है

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ बाबा गुरूघासीदास के बताए सत्य, अहिंसा, भाईचारा, बंधुत्व, समानता और सद्भाव के मार्ग पर चलकर तीव्र गति से विकास कर रहा है। उन्होंने आज मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम लालपुर धाम में बाबा गुरूघासीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अनुसूचित जातियों को वर्तमान जनसंख्या के अनुसार 13 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने भारत सरकार से 2021 की जनगणना शीघ्र कराने की मांग करते हुए कहा कि नई जनगणना के अनुरूप अनुसूचित जाति को तत्काल आरक्षण प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लालपुर धाम के विकास के लिए एक करोड़ रूपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने लालपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में सतनामी समाज के आस्था और विश्वास के प्रतीक जोड़ा जैतखाम और मंदिर की पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने लोगों को बाबा गुरूघासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास ने सत्य पर चलने का रास्ता दिखाया है। राज्य शासन बाबा के बताए गए रास्ते पर चल रहा है। उनका सामाजिक समरसता का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अर्थव्यवस्था में मजबूती लाने का कार्य किया है। यहां किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिल रहा है। उनका कृषि ऋण और सिंचाई कर माफ किया गया है। समर्थन मूल्य पर लघु वनोपजों तथा उड़द, मूंग और अरहर की खरीदी की जा रही है। गन्ना के खरीदी मूल्य में वृद्धि की गई है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य आदि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए र्ण-शीर्ण और मरम्मत योग्य स्कूलों तथा अन्य शासकीय भवनों की मरम्मत के लिए एक हजार करोड़ रूपए तथा तकनीकी शिक्षा की मजबूती के लिए 1200 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बाबा के संदेश मानवता की सेवा का अनुकरण करते हुए राज्य शासन द्वारा देश में कोरोना के दौरान लागू लॉक-डाउन में गरीबी रेखा के नीचे वन-यापन करने वालों को तीन माह तक नि:शुल्क राशन दिया गया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरू घासीदास के बताए गए मार्ग पर चलकर हमें आगे बढऩा है, तभी छत्तीसगढ़ राज्य आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की परम्परा और संस्कृति को आगे बढ़ाने और सामाजिक समरसता को बनाए रखने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर में गुरूघासीदास शोध पीठ और संग्रहालय की स्थापना तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु भूमिपूजन किया है। इनकी स्थापना से समाज के युवाओं को आगे बढऩे का मौका मिलेगा। लालपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम को संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, पूर्व मंत्री एवं मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले, लोरमी के विधायक धर्मत सिंह और सतनाम कल्याण समिति बंधवा के अध्यक्ष गौटिया फणीश्वर पाटले ने भी संबोधित किया। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी (अपेक्स) बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर, राजमहंत भुनेश्वर पात्रे, जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष मीना नरेश पाटले, अनुसूचित जाति प्राधिकरण की सदस्य सु रत्नावली कौशल, बिलासपुर रेंज के आई बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

मुख्यमंत्री बड़ी घोषणा : संभागों में खुलेंगे अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लिए नए प्रयास विद्यालय और छात्रावास

- राजधानी के पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास पेंशन बाड़ा में 50 लाख रूपए की लागत से तैयार की जायएगी ई-लाईब्रेरी
- बाबा घासीदास जयंती पर मुख्यमंत्री ने कहा - मानव-मानव एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरू बाबा घासीदास की जयंती पर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राजधानी रायपुर आयोजित कार्यक्रम में सभी संभागीय मुख्यालयों में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रयास विद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने इन वर्गों के लिए पृथक-पृथक छात्रावास तथा नगर निगम रायपुर द्वारा पेंशन बाड़ा स्थित अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में 50 लाख रूपए की लागत से ई-लाईब्रेरी प्रारंभ करने की घोषणा की।

बाबा घासीदास जयंती पर मुख्यमंत्री ने कहा - मानव-मानव एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक

मुख्यमंत्री बघेल ने शासकीय आदर्श पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पेंशनबाड़ा में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जंयती समारोह में कहा कि गुरुघासीदास जी एक ऐसे संत थे जिन्होंने मानवता को बचाने के लिए मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने समाज में फैली कुरूतियों को दूर करने के लिए समानता, भाईचारा, प्रेम और सद्भाव का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास जी एकमात्र संत हैं, जिन्होंने छत्तीसगढ़ी में उपदेश दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा बोली को आगे बढ़ाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में कौन व्यक्ति, कहां, किस धर्म में, किस स्थान में जन्म लेगा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अच्छी शिक्षा से व्यक्तित्व को निखार सकते है और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ सरकार भी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बस्तर में बंद 260 स्कूल हमने पुन: शुरू किया है। बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके इसलिए 279 स्वामी आत्मानंद उत्कृट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले। हमारी सरकार ने बड़ी संख्या में 1998 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती की है। उन्होंने कहा प्रदेश के शाला भवनों, आश्रमों एवं छात्रावासों के कायाकल्प के लिए एक हजार करोड़ रूपए स्वीकृत किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत् प्रति वर्ष 7 हजार रूपए की राशि दे रही है।नगरीय निकाय एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया और संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

पारिवारिक विवाद बना हिस्ट्रीशीटर के मौत का कारण, पिता और भाई पर संदेह

बिलासपुर (आरएनएस)। शहर के बाहरी क्षेत्र सकरी बाईपास ब्रिज के नीचे 2 दिन पहले हिस्ट्रीशीटर संजू त्रिपाठी की कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी. यह हत्या सोची समझी साजिश और तगड़ी फील्डिंग कर की गई थी. अब तक मिली जानकारी के अनुसार हत्यारे मृतक संजीव त्रिपाठी की लंबे समय से रैकी कर रहे थे. जिसके बाद मौका मिलते ही उसे बीच रास्ते में रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उसकी हत्या कर दी. पोस्टमार्टम की शार्ट रिपोर्ट से पता चला है कि मृतक के शरीर से चार गोलियां निकाली गईं. कुछ गोलियां उसके शरीर में ही फंसी हुई है. जिसे मृतक के दाह संस्कार के बाद राख से निकाली जाएगी। दत्तक पुत्री के साथ अवैध संबंध का मामला : पुलिस के हालिया में किए गए खुलासे सामने आया है कि मृतक और उसके पिता का अपने दत्तक पुत्री के साथ अवैध संबंध था. पुलिस ने जानकारी दी है कि संपत्ति और अवैध संबंध की वजह से हिस्ट्रीशीटर की हत्या की गई है. इस पूरे हत्याकांड में लगभग 10 से ज्यादा लोग शामिल हैं. जिनमे कई फरार है। हत्या कांड का अनसुलझा मामला पुलिस ने सुलझा लिया है. लेकिन अब तक हत्याकांड से जुड़े मास्टरमाइंड कपिल त्रिपाठी और शार्प शूटर पुलिस के हाथ नहीं लगी यही कारण है कि पुलिस इस मामले का खुलासा नहीं कर रही है हत्या के दिन से ही पुलिस ने मृतक के पिता और उसके भाई कपिल त्रिपाठी सहित कपिल के साले और पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

गुरु घासीदास जयंती पर प्रतिबंध के बावजूद मांस विक्रय, निगम ने लगाया जुर्माना

भिलाई (आरएनएस)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत गुरु घासीदास जयंती के दिन रविवार के अवसर पर मांस विक्रय प्रतिबंधित रखने के निर्देश प्रसारित किए गए थे, जिसके तहत सभी इलाकों का निरीक्षण इसके लिए किया गया। मांस विक्रय करने वाले सभी क्षेत्रों का निरीक्षण प्रतिबंधित दिवस पर निगम की टीम के द्वारा किया गया। सघन निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने पाया कि वैशाली नगर क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर नगर सद्भावना चौक, भगवा चौक एवं स्पोर्ट्स क्लब के बाजू में मांस विक्रय किया जा रहा था। मांस विक्रय के रूप में मछली तथा चिकन बेची जा रही थी। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर मांस विक्रय बंद कराया तथा चलानी कार्रवाई भी की। निगम ने जवाहर नगर स्पोर्ट्स कंपलेक्स के पास ढिल्लन चिकन कॉर्नर से 3000 रुपए, भगवा चौक कुरूद के पास सद्दाम से 1000 रुपए, अंबेडकर नगर सद्भावना चौक के पास भिलाई चिकन कॉर्नर से 10000 रुपए इस प्रकार कुल 14000 रुपए जुर्माना वसूल करने की कार्रवाई की तथा मांस विक्रय को तत्काल प्रभाव से बंद करवाया और भविष्य के लिए प्रतिबंधित दिवस पर मांस विक्रय नहीं करने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा निगम के अधिकारियों ने नेहरू नगर क्षेत्र, सुपेला चिकन मार्केट क्षेत्र, खुर्सीपार क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों का भी सघन निरीक्षण मांस विक्रय प्रतिबंध को लेकर किया।

रुआबान्धा के ब्यक्ति के पास बीमा पॉलिसी में ज्यादा रकम दिलाने का झांसा देकर 27 लाख रुपए की ठगी

रिसाली (आरएनएस)। उरला रायपुर कंपनी प्रभारी के पद पर कार्यरत है। का सुरक्षा प्रभारी हुआ ठगी का शिकार मोबाइल नंबर कॉल आया

उरला रायपुर कं पनी का सुरक्षा प्रभारी ठगी का शिकार हो गया। अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर बीमा पॉलिसी में ज्यादा रकम का झांसा देकर 27 लाख की ठगी कर ली। रिपोर्ट पर मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि एचएससीएल कालोनी रुआबांधा

निवासी संजय कुमार सिंह (59 वर्ष) बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड कंपनी उरला रायपुर में सुरक्षा उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 जनवरी को उनके और बोला आपका 35 हजार रुपए वाला भारती हेक्सा लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी मैच्योर हो गया है। आपको 84 हजार रुपए मिलेगा। अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थी को नबंर देकर बोला कि अर्चना त्यागी से बात कर लो। प्रार्थी ने दिए नंबर पर संपर्क किया। इसके बाद अर्चना त्यागी ने बोला कि आपको 10,190 रुपए जमा करना होगा जो 100 रुपए कटकर बाकी आपके पॉलिसी में वापस कर दी जाएगी। प्रार्थी ने 10, 190 रुपए खाते में जमा कर दिया। इसके बाद प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर 16 जनवरी को अंकित डागर का कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को बताया कि अर्चना मैडम फाइल भेजी है। आपका बैंक एकाउंट अपडेट करना है 15,765 रुपए लगेगा, जिसमें 500 रुपए काटकर बाकी आपके एकाउंट में आ जाएगा। प्रार्थी ने दिए गए खाते में पैसा जमा कर दिया। लगातार अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा कॉल कर विश्वास में लेकर 13 जनवरी से लेकर 29 जून तक अलग अलग किश्तों में यूपीआई एवं एन.ई.एफटी. के माध्यम से कुल 27, 00,285 रुपये जमा करवाकर ठगी की गई है।

गेवरा खदान से डीजल चोरी करने वाले सहित 5 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से 350 लीटर डीजल बरामद

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह भा.पु.से, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा रापुसे, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुडिय़ा भापुसे द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत डीजल, कोयला, कबाड़ चोरों की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्र में केबल तथा डीजल, कबाड़, कोयला चोरी करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 17/12/2022 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग का बोलेरो वाहन में गेवरा खदान से डीजल चोरी कर भिलाईबाजार.रलिया के रास्ते बलौदा जांजगीर की ओर लेकर जाने वाले है प्राप्त मुखबीर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हमराह स्टॉफ एवं गवाह रवाना होकर ग्राम उमेंदीभांठा मेन रोड पहुंचकर घेराबंदी किया गया तो भिलाईबाजार की ओर से एक सफेद रंग का बोलेरो आते दिखा जिसे रोककर चेक किया गया तो उक्त बोलेरो वाहन में पंजीयन क्रमांक सीजी 10 एएस 1133 लिखा हुआ था बोलेरो वाहन में ड्रायवर के आलावा 04 अन्य लोग और बैठे थे जिनसे नाम पता पूछने पर ड्रायवर अपना नाम राजकुमार पटेल उर्फ गोलगप्पा पिता स्व. भरत लाल उम्र 27 वर्ष निवासी नोनबिर्रा, दीपका एवं अजहर खान उर्फ अज्जू पिता अकरम खान उम्र 29 वर्ष निवासी दयालबंद नारियल कोठी बिलासपुर, संतोष सिंह कंवर पिता नारायण सिंह कंवर उम्र 30 वर्ष निवासी नोनबिर्रा दीपका,बसंत मिरी पिता रामधन मिरी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सरईताल बलौदा,गुलषन यादव उर्फ सिबू पिता रामप्यारे यादव उम्र 25 वर्ष निवासी नोनबिर्रा दीपका बताये तथा बोलेरो के पीछे सीट को चेक करने 35.35 लीटर क्षमता वाली 10 प्लास्टिक के जरीकेन में भरा हुआ जुमला 350 लीटर डीजल कीमती 33,250 रूपये का होना पाया गया जिसके संबंध में सभी को नोटिस देकर उक्त डीजल रखने एवं परिवहन कर ले जाने के संबंध में वैध दस्तावेज, कागजात पेश करने बोला गया तथा बोलेरो ड्रायवर को बोलेरो वाहन के संबंध में कागजात पेश करने कहा गया जो उक्त डीजल रखने व परिवहन के संबंध में तथा बोलेरों वाहन का कोई कागजात नही होना बताया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पाटन में बनेगा ऊर्जा पार्क : ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति, पेयजल से लेकर सिंचाई तक हजारों हितग्राही लाभान्वित, क्रेडा विभाग द्वारा किया जा रहा कार्य

पाटन (आरएनएस)। दुर्ग जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर क्रांति हुई है और चार सालों में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर नवीनीकरण ऊर्जा का उपयोग हो रहा है। सोलर योजनाएं न केवल पेयजल और सिंचाई के लिए उपयोगी साबित हो रही है अपितु ग्रामीण क्षेत्रों को रौशन करने की दिशा में भी उपयोगी साबित हुई हैं। क्रेडा विभाग के अधिकारी टी आर ध्रुव ने बताया कि क्रेडा की योजनाएं बड़े पैमाने पर पूरे जिले में आरंभ की गई है। यह सुचारू रूप से चलती रहें, इसके लिए प्रभावी मानिटरिंग की जा रही है।

219 गांव अब हाईमास्ट लाइट से रौशन-पूरे जिले में 219 गांव हाईमास्ट लाइट से रौशन हो गये हैं। अब तक 695 सोलर हाईमास्ट लाइट लगाये गये हैं। इनके माध्यम से गांव के प्रमुख चौराहे रौशन हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से गांव के सार्वजनिक स्थलों में अपराध कम हो गये हैं। लोग देर शाम तक बैडमिंटन, वालीबाल जैसे खेल खेलते हैं। ग्रामीण वीरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि सोलर हाईमास्ट लगने से अब गांवों में मानस गान बड़े स्तर पर हो रहे हैं। काफी संख्या में लोग हिस्सा ले रहे हैं। रोशनी का एक पक्ष यह है कि इससे सब कुछ रोशन हो रहा है।

375 गांवों में सोलर ड्यूल पंप- क्रेडा ने 375 गांवों में सोलर ड्यूल पंप लगाया है। इनमें 696 नग पंप लगाये गये हैं। इनके माध्यम से 2436 यूनिट बिजली की बचत हो रही है। इनसे ग्रामवासियों को बारह महीने पेयजल मिल रहा है। ध्रुव ने बताया कि इसकी निरंतर मानिटरिंग विभाग द्वारा की जा रही है और लोगों को सेवा प्रदाय की जा रही है।

सौर सामुदायिक सिंचाई योजना के पांच कार्य आरंभ- सिंचाई के क्षेत्र में भी बढिय़ा काम हुआ है। अभी पांच सौर सामुदायिक सिंचाई योजना आरंभ हो गई है और इसके माध्यम से पांच सौ से अधिक हितग्राहियों के खेतों में पानी पहुंचा है। इंदिरा गांव गंगा योजना अंतर्गत 7 कार्य स्वीकृत हुए हैं। इसके माध्यम से 740 यूनिट बिजली की बचत हो रही है।

28 गांवों में स्ट्रीट लाइट संयंत्र- क्रेडा द्वारा 28 गांवों को स्ट्रीट लाइट से रौशन किया गया है। इनमें 36 नग सोलर प्लांट लगाया गया है। गौठानों में 713 नगर सोलर प्लांट लगाये गये हैं और इनके माध्यम से चारागाहों और गौठान के लिए पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है। इनके माध्यम से बारह हजार यूनिट बिजली की बचत हो रही है।

देमार. पंदर में बनेगा ऊर्जा पार्क- देमार.पंदर में ऊर्जा पार्क बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी जिसके उपरांत इसके लिए कार्य आरंभ हो गया है। इसके माध्यम से लोगों ने अपारंपरिक ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोग जानेंगे कि सोलर एनर्जी कितनी उपयोगी है और क्षय होते ऊर्जा स्रोतों के दौर में कितनी प्रभावी है।